हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 4 अप्रैल 2024

06 करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद पेयजल की...



07 मुख्य बाजार की बिगड़ती यातायात व्यवस्था में...





**लोकसभा क्षेत्र**
देवास

1 **भाजपा प्रत्याशी**
महेंद्र सिंह सोलंकी

2 **कांग्रेस प्रत्याशी**
राजेंद्र मालवीय

**पिछली बार कौन जीता**
महेंद्र सिंह सोलंकी

**जीत का अंतर**
3 लाख 72 हजार 249

### क्या रहेंगे मुद्दे?

देवास लोकसभा सीट पर मतदाता की समस्याएं कई हैं, लेकिन उसमें से नौकरी के लिए नजदीकी शहर इंदौर की डिपेंडेंसी सबसे ज्यादा है। इसके अलावा शिक्षा स्वास्थ्य के लिए भी इंदौर पर निर्भर रहना पड़ता है। वहीं बड़ी ट्रेन के प्लेटफार्म देवास में नहीं है। अयोध्या जाने वाली ट्रेन भी देवास से होकर नहीं जाती है। मेट्रो इंदौर से लेकर मऊ तक है, लेकिन देवास को छोड़ दिया गया है।

### जातीय समीकरण वाली सीट पर इस बार कांग्रेस और भाजपा ने बलाई समाज से उतारे अपने प्रत्याशी

# देवास सीट पर एक ही जाति के उम्मीदवार आमने-सामने

*देवास लोकसभा क्षेत्र की जनता किसी एक दल की होकर नहीं रही। वर्ष 2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई इस सीट के पहले सांसद कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा रहे। इसके बाद भाजपा के दो सांसदों ने इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। देवास लोकसभा सीट से बाहर से आए नेताओं को भी यहां की जनता ने जिताया है।*

आनंद सक्सेना ⏭ भोपाल

देवास शाजापुर लोकसभा सीट जातीय समीकरण को लेकर काफी महत्वपूर्ण मानी जाती रही है। यही कारण है इस बार दोनों प्रमुख दल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने बलाई समाज के उम्मीदवार उतारे हैं।

इस सीट पर बलाई व खटीक समाज का वोट बैंक निर्णायक माना जाता है। जो दल जातियों को साधकर चुनाव लड़ता है, उसकी चुनावी राह ज्यादा आसान मानी जाती है। इस बार भी भाजपा और कांग्रेस ने बलाई समाज के खाते में टिकट



महेंद्र सिंह सोलंकी



राजेंद्र मालवीय

बांटे हैं। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राधा किशन मालवीय के बेटे राजेंद्र मालवीय को इस बार कांग्रेस ने यहां से टिकट दिया है। वे बलाई समाज से आते हैं, जबकि भाजपा ने दोबारा महेंद्र सिंह सोलंकी को टिकट दिया है। सोलंकी भी बलाई समाज से हैं। वैसे देवास लोकसभा की संसदीय सीट पर दूसरे शहर में रहने वाले नेताओं को भी यहां की जनता ने संसद तक भेजा है।

यहां से वर्ष 2009 में सज्जन सिंह वर्मा सांसद बने, जो इंदौर के निवासी हैं। इसके अलावा मनोहर ऊंटवाल भी यहां से सांसद चुने गए थे। वे भी लोकसभा क्षेत्र के निवासी नहीं थे। परिसीमन से पहले फूलचंद वर्मा और थावरचंद्र गहलोत भी यहां से सांसद रहे। वर्मा भी इंदौर के निवासी रहे हैं और गेहलोत उज्जैन जिले के नागदा क्षेत्र में रहते हैं।

मौजूदा सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी देवास संसदीय क्षेत्र के ही निवासी हैं। 1984 में चुनाव जीते बापूलाल मालवीय भी शाजापुर संसदीय क्षेत्र के निवासी रहे हैं।

**कोई दल इस सीट पर भारी नहीं**

परिसीमन के पहले यह शाजापुर संसदीय क्षेत्र कहलाता था। तब भी यहां से जनसंघ, जनता पार्टी और कांग्रेस के उम्मीदवार जीते। इस बार भी भाजपा उम्मीदवार को परंपरागत वोट और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेटवर्क का फायदा मिलेगा। जबकि कांग्रेस उम्मीदवार के पिता राधाकिशन मालवीय का क्षेत्र में अच्छा नेटवर्क रहा है। ये भी बलाई समाज से आते हैं। राजेंद्र कांग्रेस का नया चेहरा है। जीतू पटवारी के कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बनने से खाती समाज भी मदद कर सकता है।

**आठ विधानसभा क्षेत्र से बनी है देवास लोस सीट**

देवास संसदीय क्षेत्र में आठ विधानसभा आती हैं। देवास जिले की 3 देवास, हाटपिपल्या, सोनकच्छ आती हैं, जबकि सीहोर विधानसभा क्षेत्र की एक आष्टा और शाजापुर की 3 शाजापुर, शुजालपुर, कालापीपल और एक आगर-मालवा विधानसभा सीट आती हैं। बता दें कि यहां से उत्तर भारत जाने के लिए ट्रेनों की संख्या कम है और रिजर्वेशन में लंबी कतार रहती है। शहर के उज्जैन रोड पर नागुखेड़ी तक डबलिंग रोड के साथ आरओबी का भी काम लम्बे समय से अटका है। कारखाने का पानी शिप्रा में मिल रहा है।

**ग्राउंड रिपोर्ट**

**बलाई व खटीक समाज का वोट बैंक निर्णायक**

देवास सीट पर बलाई, खटीक समाज का वोट बैंक निर्णायक माना जाता है। जो दल जातियों को साधकर चुनाव लड़ता है, उसकी चुनावी राह ज्यादा आसान मानी जाती है। वैसे देवास सीट पर मुख्य जातियां अपना योगदान देती हैं, जिन्हें उम्मीदवार महत्व देते हैं। इसमें बलाई, ठाकुर, रविदास, ब्राह्मण, सेंधव, पाटीदार, खाती, गुर्जर, जैन, मेवाड़ा, परमार, बैरवा, वाल्मीकि, सोंधिया, मुस्लिम, कायस्थ, भावसार शामिल हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### मार्शल आर्ट एकेडमी का शुभारंभ किया



**विदिशा।** बुधवार को विदिशा कराते डेव्लपमेंट एसोसिएशन द्वारा युवराज मार्शल आर्ट एकेडमी का शुभारंभ प्रीति राकेश शर्मा द्वारा किया गया। विदिशा कराते एसोसिएशन के कोच महेन्द्र पासी ने बताया की 20 वर्षों से वे मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण युवराज क्लब शेरपुरा में दे रहे हैं। परेशान यह है कि युवराज क्लब परिसर खुला होने से बारिश का पानी एवं शीतकाल में ठंड पड़ने से क्लब को वर्ष में 2-3 बार बंद करना पड़ता था। जिससे बालक-बालिकाओं का प्रशिक्षण नियमित नहीं हो पाता था। राजीव तिवारी, संजीव तिवारी, प्रदीप तिवारी द्वारा कराते प्रेमियों की पेरशानियों को देखकर स्वयं अपने घर का एक सुव्यवस्थित हॉल उपलब्ध कराया है।

### वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने नपा ने निकाली रैली

**विदिशा।** बुधवार को नगरपालिका से मतदाता जागरूक रैली निकाली गई। मतदाता जागरूक रैली को संयुक्त कलेक्टर शशि मिश्रा, नगरपालिका अधिकारी धीरज शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में नगर पालिका के समस्त कर्मचारी और सफाई कर्मी शामिल हुए। रैली में शामिल लोग मतदाता जागरूकता के संदेश देते हुए चल रहे थे। रैली शहर के मुख्य मार्गों से होकर खेल स्टेडियम मे पहुंचकर संपन्न हुई। जहां एडीएम अनिल डामोर, एसडीएम क्षितिज शर्मा ने सभी को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई।

### पांच अप्रैल से 12 दिन के लिए बंद रहेगी मंडी

**विदिशा।** 5 अप्रैल से 28 अप्रैल के बीच कृषि उपज मंडी में 12 दिनों का अवकाश रहेगा। 5 अप्रैल शुक्रवार को मां कर्मा देवी जयंती के कारण कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। वहीं 7 अप्रैल रविवार होने के कारण मंडी बंद रहेगी। 8 अप्रैल सोमवार को अमावस्या, 9 अप्रैल मंगलवार को गुढ़ीपढ़वा, 10 अप्रैल बुधवार को झूलेलाल जयंती होने के कारण मंडी में अवकाश रहेगा। 11 अप्रैल गुरुवार को ईद, 13 अप्रैल को दूसरा शनिवार होने से बैंक बंद रहने के कारण नीलामी नहीं होगी। 14 अप्रैल को रविवार, 17 अप्रैल बुधवार को राम नवमी, 21 अप्रैल को रविवार और 27 अप्रैल को चतुर्थ शनिवार होने से बैंक बंद रहने के कारण मंडी बंद रहेगी। वहीं 28 अप्रैल को रविवार है।

### भाजपा ज्वाइन कराने के बाद प्रचार में बुलाने से परहेज कर रहे भाजपाई?

# कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए नेता चुनाव प्रचार में नहीं आ रहे नजर

- पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष भी नहीं आ रहे नजर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले कद्दावर नेताओं ने लाव लश्कर के साथ पार्टी ज्वाइन तो कर ली है लेकिन प्रचार से दूरी बनाये हुए हैं। दूसरी तरफ भाजपा के पुराने नेताओं में शामिल विधायक मुकेश टंडन और श्यामसुंदर शर्मा सुबह और शाम की पारी में घर-घर पहुंचकर भाजपा के लिए वोट मांग रहे हैं। दोपहर में संगठनात्मक बैठकें लेकर अपनी पकड़ को जरा भी ढीला नहीं छोड़ रहे हैं। इनके साथ मंडल अध्यक्षों से लेकर पार्षद और भाजपा के जमीनी कार्यकर्ता कदमताल करते नजर आ रहे हैं।

हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा ज्वाइन करने वालों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश कटारे प्रमुख रूप से शामिल हैं। कटारे ने होली मिलन के अवसर पर भाजपा उम्मीदवार शिवराज सिंह चौहान का अपने प्रतिष्ठान पर जोरदार स्वागत कर अपनी सक्रियता दिखा चुके हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर भाजपा नेता के रूप में स्थापित होने के लिए प्रचार जैसे अभियान से गायब नजर आ रहे हैं। अब सवाल यह कौंध रहा है कि क्या इनको प्रचार में शामिल होने के लिए बुलाया नहीं जा रहा है। या फिर चुनाव से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है। इसी तरह शमशाबाद क्षेत्र से कांग्रेस के कद्दावर नेता रह चुके डॉक्टर मेहताब सिंह यादव अपने परिवार सहित भाजपा ज्वाइन कर चुके हैं। डॉक्टर यादव पूर्व विधायक रहने के साथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनकी बहु ज्योत्सना यादव भी कांग्रेस से शमशाबाद से 2 बार विधायक का चुनाव लड़ी हैं। ज्योत्सना यादव के पति राजेश यादव भी सक्रिय नेता हैं। यह परिवार भी भाजपा में पूरे जोश के साथ सक्रिय नहीं हो पाया है।

**शशांक भार्गव की सक्रियता में दिखी कमी**

कांग्रेस छोड़ने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक शशांक भार्गव भी अपने परिवार एवं समर्थकों के साथ भाजपा ज्वाइन कर चुके हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर भाजपा नेता के रूप में सक्रिय नहीं हुए हैं। भाजपा में उनका वजन एवं रुतबा स्थापित करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 31 मार्च को हुए होली मिलन समारोह से पहले उनके निवास पर पहुंचे। समारोहपूर्वक भव्य आयोजन में शिवराज सिंह चौहान ने श्री भार्गव के समर्थकों को पूरे सम्मान के साथ भाजपा ज्वाइन करवाई। इसके बाद भार्गव को साथ लेकर बाढ़ वाले गणेश मंदिर के कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके पहले भी साधना सिंह चौहान ने शशांक भार्गव के निवास पर पहुंचकर भाजपा में उनकी वरिष्ठता को सम्मान दे चुकी हैं। कांग्रेस छोड़कर भाजवा ज्वाइन करने वाले नेताओं की सक्रियता में कमी के सवाल पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ राकेश जादौन का कहना है कि भाजपा ज्वाइन करने वाले सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता सम्मानीय हैं। अभी तक चुनाव प्रचार में शामिल नहीं हो सके हैं तो प्रचार में शामिल करने सभी को जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

**स्थापना दिवस से हो जाऊंगा सक्रिय**



मैं और मेरा परिवार पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। मेरी धर्मपत्नि पूनम भार्गव ने हमारे उम्मीदवार शिवराज सिंह चौहान के लिए वोट मांगने के लिए भगत सिंह कॉलोनी में साधना सिंह चौहान के साथ जनसंपर्क किया। 31 मार्च को मेरे निवास पर बड़े कार्यक्रम का आयोजन कर चुके हैं। सभी बैठकों में शामिल हो रहा हूं। भाजपा के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से जमीन पर उतरकर काम करूंगा।
- शशांक भार्गव, पूर्व विधायक

### जैन मंदिरों में हुए धार्मिक आयोजन

**विदिशा।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिरों में विशेष पूजन अर्चना की गई। सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुए। हरिपुरा में स्थित शीतलधाम में भगवान श्री आदिनाथ भगवान का महा मस्तकाभिषेक किया गया। शांतिधारा, पूजन के साथ ही 48 मंडलीय भक्तामर महामंडल विधान का आयोजन किया गया। वहीं पालना झुलाने का आयोजन किया गया। बड़े बाबा का 108 कलशों से महा मस्तकाभिषेक और शांति धारा की गई। सुबह से विनय पाठ, विशेष पूजन और भगवान आदिनाथ का 48 दीपों से गुणानुवाद और पालना कार्यक्रम हुआ। वहीं शाम को महाआरती का आयोजन किया।

### नोडल अधिकारियों की बैठक आज होगी

**विदिशा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत जिला स्तरीय नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, लायजनिंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों की संयुक्त बैठक गुरुवार सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिनी शर्मा ने बताया कि उक्त बैठक में संबंधित अधिकारियों को जानकारी समेत नियत किए गए समय पर उपस्थित होने के निर्देश प्रसारित किए गए हैं। इसके साथ ही उक्त बैठक में सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर व्हीसी के माध्यम से कनेक्ट होना सुनिश्चित करेंगे।

## खरीदी केंद्रों का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर वैद्य



विदिशा। खरीदी केंद्रों पर पहुंचकर गेहूं की क्वालिटी का परीक्षण करते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने बुधवार को खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा की केंद्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। पेयजल से लेकर छाया तक की व्यवस्था की जाए। आखिरी तक ऐसी ही व्यवस्था बनी रहे। कलेक्टर श्री वैद्य ने भदारबड़ा गांव में एमएसडी वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस पर मौजूद किसानों से बात की। वहीं ग्यारसपुर के ग्राम पीपलखेड़ा स्थित उपार्जन केंद्र राधा कृष्ण लॉजिस्टिक्स वेयरहाउस तथा बासौदा की ग्राम पंचायत वरमढ़ी के पुष्पा वेयर हाउस पर खरीदी का जायजा लिया इस दौरान जिपं सीईओ सहित बासौदा एसडीएम और जिला आपूर्ति अधिकारी मौजूद रहीं।

## जहरीली शराब के साथ धराया जिलाबदर आरोपी, 24 साल की उम्र, 19 केस

- अवैध शराब बिक्री का प्रमुख केंद्र बन चुका है शेरपुरा टीला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिविल लाइन पुलिस ने आदतन अपराधी को जहरीली शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी को जिलाबदर किया गया था। विदिशा के शेरपुर इलाके में रहने बाला राज कुचबंदिया को पुलिस ने जहरीली शराब के साथ पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की उम्र 24 साल है, लेकिन उस पर 19 से ज्यादा गंभीर अपराध दर्ज हैं। वह आदतन अपराधी है, जिसके चलते उसे जिलाबदर किया था।

आरोपी जिलाबदर होने के बाद भी शहर में रहकर अवैध शराब का कारोबार करता रहा। बुधवार को पुलिस ने आरोपी को जहरीली शराब की एक केन के साथ पकड़ा। सिविल लाइन थाना टीआई शाहबाज खान ने बताया कि आरोपी राज कुचबंदिया के खिलाफ पहले से ही 19 प्रकरण चल रहे हैं। वहीं, जिला प्रशासन द्वारा उसे जिलाबदर किया गया, लेकिन





इसका उल्लंघन करते हुए वह थाना क्षेत्र में अपराध करता रहा। उसे अवैध रूप से जहरीली शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि जिलाबदर का उल्लंघन करने की धाराओं के साथ-साथ जहरीली शराब बेचने की धाराओं के तहत उसे गिरफ्तार करने वाले में पेश किया गया है। शेरपुरा टीला अवैध शराब बेचने का अड्डा बन चुका है। यहां से कई बार भारी मात्रा में शराब जब्त भी की गई है। यहां से शराब की दुकान तो हटा दी गई है, लेकिन अवैध शराब बचने का कारोबार यहां अभी भी चल रहा है। जिसको लेकर पूर्व में कई विवाद भी सामने आए। यहां तक की अवैध शराब बचने वाले इस क्षेत्र में उत्पात भी मचा चुके हैं।

## प्रशिक्षण के लिए हॉल उपलब्ध कराने डीएसपी ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

उप पुलिस अधीक्षक ने छात्राओं को निशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए खेल परिसर में हॉल उपलब्ध कराने जिला खेल अधिकारी को पत्र लिखा है। 2015 से लगातार पुलिस विभाग अन्य विभागों को सीपीसी योजना के तहत छात्राओं को निशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु जगह की मांग कर रहा है। जिला खेल और युवा कल्याण विभाग पुलिस के अधीन ही कार्य करता है और इसके नियंत्रणकर्ता अधिकारी पुलिस अधीक्षक होते हैं। इसके बाद भी पुलिस अधिकारियों को हॉल के लिए मांग करना पड़ रही है। खेल स्टेडियम में बना नवनिर्मित बहुउद्देशीय हॉल में निर्मित हॉल सुर्खियों में बना हुआ है। इस हॉल को बगैर किसी मीटिंग के ही ताइक्वांडो खेल के लिए महज 1500 रुपए मासिक शुल्क पर किराए पर दे दिया था। जरूरतमंद खिलाड़ियों ने इसका विरोध किया। जिसके चलते कलेक्टर के समक्ष मीटिंग भी रखी गई लेकिन निर्णय नहीं हो पाया।

## महिला को सब्बल, रॉड से पीटा, सिर में 17 टांके आए

- आरोपियों द्वारा घर में घुसकर साक्ष्य मिटाने का भी आरोप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गंजबासौदा तहसील के ग्राम बनवासा में महिला रामसखी विश्वकर्मा को बेरहमी से पीटने वाले आरोपियों की मांग को लेकर बुधवार को समाजजनों ने एसपी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया है की ग्रामीण चंद्रेश राजपूत, थान सिंह राजपूत, भोला राजपूत, विशाल राजपूत, रामावतार राजपूत ने रामसखी विश्वकर्मा को घर में घुसकर सब्बल, लोहे की रोड, लाठियों से बेरहमी से मारपीट की। रामसखी के सिर में 17 टांके आए हैं। पैरों में भी गंभीर चोट है। घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। रात में रामसखी के घर में पुनः आकर घटना के साक्ष्य मिटा दिए। रामसखी का घर आज भी अस्त व्यस्त पड़ा है। समाजजनों ने 17 मार्च को भी ज्ञापन दिया था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### रंगोली, चित्रकला और नुक्कड़ नाटक से दिया जागरुकता संदेश

## ग्यारसपुर पहुंचे कलेक्टर, बच्चों के साथ किया भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट अन्य अधिकारियों के साथ ग्यारसपुर के सीएम राइज स्कूल पहुंचे।

कलेक्टर स्वीप गतिविधियों में शामिल हुए और प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत प्रदाय किए जाने वाले भोजन कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों के साथ भोजन किया। ग्यारसपुर बसस्टेंड के समीप स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया गया। स्कूली छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से



प्रेरणादायी कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों द्वारा तालियां बजाकर हौंसला अफजाई की गई। विद्यार्थियों के द्वारा मतदान हमारा मौलिक अधिकार है बिना भय के हम इसका उपयोग करेंगे और मनपसंद जनप्रतिनिधि का विकास के लिए चयन करेंगे।

**रंगोली व चित्रकला से दिए प्रेरणादायी संदेश**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय त्योंदा की छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता के प्रेरणादायी स्लोगन का रंगोली व चित्रकला के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। जिसे देखकर कलेक्टर श्री वैद्य व जिला पंचायत सीईओ डॉ भरसट ने विद्यार्थियों को अभिप्रेरित किया। साथ ही उन सभी के साथ विशेष तौर पर फोटो खिंचवाए। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि अब बेटियां लड़कों से आगे निकलती जा रहीं हैं। कॉम्पिटशन के इस शैक्षणिक युग में लड़के पिछड़ रहे हैं।

### टप्पा तहसील भवन निर्माण का निरीक्षण

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने गुलाबगंज तहसील टप्पा कार्यालय के भवन निर्माण कार्य का जायजा लिया। यहां उन्होंने भवन निर्माण एजेंसी पीआईयू के कार्यपालन यंत्री भवन बुंदेल सिंह ठाकुर को निर्देशित किया है कि भवन निर्माण के दौरान गुणवत्ता का परीक्षण बार-बार किया जाए। उन्होंने भवन के चारों और पौधरोपण कार्य को भी कराए जाने के निर्देश दिए है साथ ही मुख्य सड़क से भवन तक के पहुंच मार्ग के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए है। निर्माण एजेंसी विभाग के अधिकारी ने बताया कि एक करोड़ 24 लाख की लागत से उक्त भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसे जुलाई 2024 तक पूर्ण कराने का लक्ष्य है।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4500
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-1850
उच्चतम भाव-3300
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव -2180
उच्चतम भाव- 2220
चना
न्यूनतम भाव- 4400
उच्चतम भाव- 5790
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-4690
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-4955
मसूर
न्यूनतम भाव-2110
उच्चतम भाव-6210
सरसों
न्यूनतम भाव-3680
उच्चतम भाव-5350
तुअर
न्यूनतम भाव-8960
उच्चतम भाव-8960
धान
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3630
बटरी
न्यूनतम भाव-5300
उच्चतम भाव-5300
अलसी
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4750
उड़द
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-5800

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 42978 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों रबी सीजन की फसलों की गहाई चल रही है और इस कारण मंडी में आवक भी लगातार बढ़ रही है।

## अनेक ग्रामों में दिखावा साबित हो रहीं नलजल योजनाएं, ग्रामीण हो रहे परेशान

# करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद पेयजल की कमी से जूझ रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता से इस बार भी गर्मियों में ग्रामीण क्षेत्र में जलसंकट गंभीर मुद्दा रहेगा और ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पडेगा। हालात यह हैं कि अभी गर्मियों की शुरूआत भर है और अभी से ही ग्रामीण दूरस्थ क्षेत्रों से पानी ढोने पर मजबूर हो रहे हैं। नलजल योजनाएं बंद या खराब पडी हैं और हैंडपंपों को दुरूस्त कर उनमें पाइप नहीं बढाए गए हैं। यही स्थिति रही तो आगामी दिनों में हालात और भी बिगडेंगे और ग्रामीणों की परेशानी भी बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्र में हेर घर में नल से जलप्रदाय करने के लिए केन्द्र सरकार की मंशानुसार जल जीवन मिशन के तहत करोडों की लागत से नलजल योजनाओं को बनाया गया है। पिछले दो सालों से गांवों में नलजल योजनाओं को तैयार करने का काम चल रहा है, लेकिन अभी तक एक भी योजना चालू नहीं हो सकी है और ये योजनाएं गांवों में सिर्फ औपचारिकता भर रह गई हैं। वहीं इससे पूर्व प्रदेश सरकार द्वारा भी विकासखंड के अनेक गांवों में नलजल योजनाएं बनवाई गई थीं। जिनमें से कुछ तो बनने के बाद से अब तक चालू नहीं हो सकी हैं, जबकि कुछ योजनाओं का संचालन कुछेक माह तक ही हो सका था। इसके बाद से आज तक योजनाओं को पुनः चालू करने या बंद योजनाओं को शुरू कराने की उचित और पर्याप्त कोशिशें नहीं की गई। उधर जलजीवन मिशन के तहत करोडों की लागत से नई योजनाएं बनाई गई हैं, लेकिन उनका भी लाभ अभी तक ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। वहीं कई गांवों में हैंडपंप और नलकूपों में जलस्तर काफी नीचे चला गया है या फिर तकनीकी खराबी से वे बंद पड़े हैं। इनकी शिकायतों और जलसंकट की समस्या के बावजूद पीएचई विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसे में अब आगामी दिनों में जलसंकट बढ़ने से ग्रामीणों को और भी परेशानी उठानी पड़ेगी।


चित्र -1। बूढ़ी बागरोद पानी की समस्या।


चित्र-2। बागरोद बहुत दूर से पानी मोटरसाइकल से लाना पड़ता है।


चित्र -3। ग्राम रसूलपुर नल जल योजना चालू होने के बाद भी करना पड़ रही मशक्कत

## पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

लोहे के पाइप से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बरेठ पुलिस चौकी प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि गत 5 जनवरी को किसी बात को लेकर ग्राम चक्क पुरवाई निवासी रवि यादव और सागर नरयावली निवासी मोहित पटेल के बीच झगड़ा हो गया था। इस झगड़े में मोहित ने रवि यादव के सिर पर लोहे के पाइप से हमला कर दिया था। इसके कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई। हमला करने के बाद वह भाग गया था। रवि की रिपोर्ट पर पुलिस ने मारपीट का मामला काम किया था। अस्पताल से मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद धारा 326 बढ़ाई गई। उसकी तलाश कई दिन से की जा रही थी। घटना के बाद से फरार मोहित किसी काम से चक्क पुरवाई आया था। मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गत दिवस उसे गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## गर्मी को देखते हुए सुबह की पाली में स्कूल संचालित करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासन के आदेशानुसार 1 अप्रैल से नवीन शिक्षा सत्र की शुरुआत हो चुकी है। सभी शिक्षक प्रवेशोत्सव सहित अन्य तैयारियों में जुट चुके हैं, ऐसे में सबसे ज्यादा भयभीत पालक है। मौसम के बदलाव के कारण भीषण गर्मी से सभी का हाल बेहाल हैं। सभी को चिंता है कि इतनी तेज गर्मी में नन्हे मुन्ने बच्चे कैसे दोपहर का सामना करके शाला जाऐंगे। हाल ही में दमोह जिला सहित अन्य जिलों में शाला समय में परिवर्तन कर स्कूलों को सुबह की पाली में संचालित किए जाने के आदेश जारी किए जा चुके हैं। शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने प्रशासन से मांग करते हुए बताया की अभी ग्रीष्म काल की शुरुआत में ही इतनी तेज गर्मी है। आगे तापमान में निरंतर वृद्धि होना ही है। ऐसे में बच्चों के स्वास्थ को दृष्टिगत रखते हुए अति शीघ्र शालाओं को सुबह से संचालित करने के आदेश जारी किए जाएं। गर्मी के कारण शालाओं में छात्रों की उपस्थिति कम हो रही है। जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शासन ने प्रयास पुस्तकें शालाओं को दी गयी हैं। जब गर्मी के कारण छात्र ही कम आयेंगे तो कैसे पढ़ाई होगी। संगठन ने कलेक्टर, जिला शिक्षाधिकारी से यथा शीघ्र सुबह का शाला का समय करने की मांग की है। मांग करने वालों में अमरसिंह तोमर, संजीव रघुवंशी, नीतेश मेहता, प्रकाश दीक्षित, लम्पूराम अहिरवार, विनोद श्रीवास्तव, महेन्द्र सिंह, अरूण पांडे, माधवी भाटिया, किरण चौरसिया, मधुलता अग्रवाल, अनीता ठाकुर, हेमलता दांगी, निर्भय सिंह, रामराज सिंह दांगी, नीलम रघुवंशी, अरूण रघुवंशी, रमन ध्रुवे, संजय अहिरवार, रामबाबू आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### धुएं का छिड़काव कराया

**गंज बासौदा।** नगर पालिका द्वारा मच्छर भगाने के लिए फागिंग मशीन से नगर में गलियों और मोहल्ले मच्छर मार दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। बुधवार को मील रोड, स्टेशन रोड सहित मुख्य मार्गों पर नपा कर्मियों द्वारा धुंए का छिड़काव कराया।

### अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ की बैठक संपन्न

**गंजबासौदा।** गत दिवस हितकारिणी धर्मशाला में अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि नई मंडी प्रांगण में मंदिर स्थापना के लिए व्यापारी अपनी अपनी खरीद के अनुसार प्रति क्विंटल 50 पैसे के हिसाब से श्रद्धा राशि जमा कराने के बाद मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। दरअसल पुराने कृषि मंडी प्रांगण में व्यापारी संघ द्वारा मंदिर स्थापित किया गया था। कारोबार से पहले व्यापारी वहां माथा टेकने जाते थे, लेकिन नई मंडी प्रांगण में ऐसा कोई स्थान वर्तमान में नहीं है। इसके चलते कई व्यापारी धार्मिक स्थान का निर्माण कराए जाने के पक्ष में है। इसी को ध्यान में रखते हुए बैठक में चर्चा के लिए इस मुद्दे को भी रखा गया। व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेश अरोरा ने बताया कि बैठक में मंदिर निर्माण के लिए राशि एकत्र करने का फैसला किया गया है। जिसमें व्यापारी नीलामी में जितना अनाज खरीदेंगे, उसी के हिसाब से 50 पैसे प्रति क्विंटल के हिसाब से राशि जमा करेंगे। राशि इकट्ठी होने के बाद मंदिर का निर्माण शुरु किया जाएगा।

## खरीदी केन्द्र पर पसरा तीन दिनों से सन्नाटा



**गंजबासौदा।** शासन के निर्देश पर इलाके में बनाए गए खरीदी केन्द्रों पर किसानों की उपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी तीन दिनों से प्रारंभ हो चुकी है। जिसमें चना, मसूर, गेहूं, सरसों को किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। इसी तरह के खरीदी केन्द्र जीवाजी पुर गोदाम पर भी बनाए गए हैं। लेकिन किसानों के न आने से वहां विगत तीन दिनों से सन्नाटा पसरा हुआ है। अभी तक कोई भी किसान अपनी कृषि उपज लेकर खरीदी केन्द्र पर नहीं पहुंचा है।

## प्रवेशोत्सव मनाकर किया नवीन सत्र शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तारण तरण जैन उमा विद्यालय में स्थानीय परीक्षा कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम की जानकारी उपलब्ध कराई गई। विज्ञान संकाय में आराध्य वर्धन सिंह एवं हर्षित विश्वकर्मा ने 87.6% प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं अनिशा जैन ने 86.6% अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान हासिल किया। बॉयलॉजी ग्रुप में आयुषी एलिया ने 90.2% एवं अवनि कंचन ने 89.6% अंक अर्जित कर क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल किया। कृषि संकाय में छात्र देव रघुवंशी ने 79% हासिल कर प्रथम एवं आयुष दांगी ने 76.8% हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में अनुराग राजपूत ने 62.2% प्रथम स्थान एवं अरूण राजपूत ने 59.6% हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में शौर्य प्रताप सिंह राजपूत ने 73.8% प्रथम स्थान एवं ऋषभ तेनगुरिया ने 65.4% अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवीं में छात्र विजय कुशवाह ने 77.80% प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं कनिष्क पटवा ने 69.6% हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्रबंधन समिति के निर्देश पर प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस मौके पर विद्यालय स्टॉफ, अभिभावक एवं छात्र, छात्रायें उपस्थित रहें। साथ ही अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का मुंह मीठा करा कर प्रवेशोत्सव भी मनाया गया। साथ ही नए सत्र की शुरूआत में शिक्षण कार्य भी प्रारंभ किया गया।

## स्वीप गतिविधि से अवगत कराने पर कलेक्टर ने विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य स्वीप गतिविधि के नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालिक अधिकारी जिला पंचायत डॉक्टर योगेश भरसट, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम विजय राय द्वारा त्योंदा हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वीप गतिविधि के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पोस्टर निर्माण और रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक करने के लिए जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा स्कूल के टॉप बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर बीआरसी कपिल तिवारी सहित विद्यालयीन स्टॉफ और विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

## मढ़िया सेमरा में 103 वर्षीय बुजुर्ग महिला का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गंजबासौदा विकासखंड के ग्राम मढ़िया सेमरा निवासी सुमित्रा बाई दांगी का बुधवार को देह अवसान हो गया, वह लगभग 103 वर्ष की थीं। वह अपने पीछे 75 - 80 वर्ष के पुत्र बुंदेल सिंह, इमरत सिंह, सेवानिवृत शिक्षक पूरन सिंह, स्व. दुलीचंद एवं पुत्री राधा बाई दांगी सहित नाती पोतों का भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। वह बहुत ही सरल एवं मिलनसार थीं, वह आजीवन पूर्ण स्वस्थ रहीं। वर्ष 2021 में कोविड वैक्सीनेशन के दौरान मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने उन्हें छाता, लाठी, टॉर्च, पदवेश भेंट कर सम्मानित किया था। वह मढ़िया सेमरा की ही नहीं विकासखंड की सबसे बुजुर्ग आयु वाली महिला मानी जा रही हैं। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ एवं शासकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला मढ़िया सेमरा परिवार ने उनके निधन पर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## अधिकारी ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण



**त्योंदा।** बुधवार कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम विजय राय द्वारा त्योंदा स्थित पुष्पा वेयर हाउस दानमढ़ी तथा त्योंदा, शासकीय अस्पताल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने वेयर हाउस पर किसानों की तौल संबंधी जानकारी ली एवं इलेक्ट्रानिक कांटों का निरीक्षण किया एवं किसानों से चर्चा की। वहीं त्योंदा अस्पताल पहुंचकर अस्पताल में भर्ती मरीजों से चर्चा की एवं उपस्थित स्टॉफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## बाइक चोरी की शिकायत



**गंजबासौदा।** रविवार को लड्ढा एजेंसी निवासी विनोद खटीक की पेशनप्रो क्रमांक एमपी 40 एमबी 0917 को अज्ञात चोर चुराकर ले गया। जिसकी रिर्कार्डिंग सीसी टीवी कैमरे में दर्ज हो गई है। फरियादी ने बाइक चोरी की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई है। पुलिस सीसी टीवी फुटेज के आधार पर चोर के बारे में जानकारी एकत्रित कर कर मामले की जांच कर रही है।

## नौलखी प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए अन्नदान में किया जा रहा बढ़चढ़ कर सहयोग

# 60 गांवों से आएगा अन्नदान, ग्राम डफरयाई से पहुंची गेहूं की ट्रॉली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम पर 10 अप्रैल से प्रारंभ हो रहे विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में गांव-गांव से अन्न के रूप में गेहूं और चने के दान आने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। समीपस्थ ग्राम डफरआई से बुधवार को एक ट्राली गेहूं और चने की पहली खेप आश्रम पर पहुंची। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए अन्नदान के लिए 60 गांवों की सूची आश्रम को प्राप्त हुई है जहां से ग्रामीणों द्वारा चने और गेहूं का दान भेजा जा रहा है। इसके अलावा भी आश्रम पर प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्र से भंडारे के लिए दानदाताओं द्वारा कच्ची सामग्री भेजी जा रही है। इधर आश्रम पर चल रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के कार्यों की तैयारियों को देखने के लिए नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के भी श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। मालूम हो कि वेत्रवती घाट पर स्थापित दशकों पुराने नौलखी आश्रम के जीर्णोद्धार के बाद आगामी 10 से 20 अप्रैल तक चलने वाले भगवान जगदीश स्वामी, राम दरबार के नवीन विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा सहित 33 कुंडीय श्री सीताराम महायज्ञ के साथ रामलीला और राम कथा का आयोजन होने जा रहा है।

आयोजन के दौरान प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में नगर, ग्रामीण क्षेत्र से लाखों श्रद्धालुओं सहित बड़ी संख्या में महंतों, महामंडलेश्वरों सहित विभिन्न तीर्थ क्षेत्रों से साधु संतों की जमातों के शामिल होने की उम्मीद है। साकेत वासी जगन्नाथदास महाराज द्वारा आयोजित कराए गए, तुलसी विवाह के बाद यह विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित होने जा रहा है। इस आयोजन में सहभागिता के लिए नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं द्वारा बढ़-चढ़कर सहयोग किया जा रहा है। अन्नदान संग्रह की व्यवस्था संभाल रहे शैलेंद्र रघुवंशी तिलातिली ने बताया कि 60 गांवों से अन्नदान के लिए ग्रामीणों द्वारा स्वीकृति दी गई है। ग्रामीण अपनी श्रद्धा के अनुसार अन्नदान के रूप में गेहूं और चने को एकत्रित करके स्वयं ही नौलखी आश्रम पहुंचा रहे हैं। ग्राम डफरयाई से अन्नदान की पहली खेप के रूप में एक ट्राली गेहूं और चार कुंटल चना आज घाट स्थित आश्रम पर पहुंचा है। अन्य ग्रामीण क्षेत्र से भी अन्नदान दान के लिए सूचनाएं आ रही हैं उसको भी संग्रह कराया जा रहा है। इसके अलावा भी श्रद्धालुओं द्वारा जो भी कच्ची सामग्री दान स्वरूप भेंट की जा रही है उसको भी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के विशाल भंडारे में उपयोग किया जाएगा।

## भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याण मनाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी का जन्म महोत्सव पूरे नगर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्टेशन, आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर गांधी चौक, त्रिमूर्ति जिनालय बरेठ रोड, सहित नगर के सभी जिनालयों में धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। सकल जैन समाज द्वारा प्रातः प्रभात फेरी का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष सम्मलित हुए।

नगर के सभी जैन मंदिरों में भगवान आदिनाथ का महा मस्तकाभिषेक और शांतिधारा की गई। नित्य पूजन के उपरांत आदिनाथ विधान एवं भक्तांबर विधान का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर गांधी चौक की मैना सुंदरी महिला मंडल द्वारा नगर के मुख्य चौराहे जय स्तंभ चौक पर मिष्ठान वितरण का आयोजन किया गया। इसके बाद सभी जिनालयों में तीर्थंकर बालक को पालना झुलाना एवं मंगल आरती का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रमों में समाज बंधुओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। उक्त जानकारी पवन जैन द्वारा प्रदान की गई।

प्रातः 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक रहेगा मुख्य बाजार में चार पाहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

# मुख्य बाजार की बिगड़ती यातायात व्यवस्था में सुधार लाने का स्थानीय प्रशासन ने उठाया सराहनीय कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

स्थानीय प्रशासन ने एक बार फिर नगर के मुख्य बाजार की यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के लिए एक कडा कदम उठाया है प्रशासन द्वारा बेरिकेट के माध्मय से प्रातः 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक चार पाहिया वाहनो का आवागमन पर प्रतिबंध लगाया है। वही अब देखना यह है कि स्थानीय प्रशासन द्वारा उठाए गए इस सराहनीय कदम का असर कब तक दिखाई देता है। नगर के मुख्य बाजार की बिगडती यातायात व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासन ने मुख्य बाजार में तीन स्थानो को चिहिंत कर बेरिकेट लगाने का कार्य प्रांरभ कर दिया है। इस मौके पर एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि नगर के मुख्य बाजार में ओवर लोड बडें बडें ऑटो व अन्य चार पाहिया वाहन के आने से मुख्य बाजार की यातायात व्यवस्था बिगड जाती थी। इस कारण दो पाहिया वाहन चालको को आवागमन एंव व्यापारियो को कई असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। प्रतिदिन भारी वाहनो के मुख्य बाजार में प्रवेश करने के कारण दुर्घटनाए भी अक्सर होती रहती थी।

### मुख्य बाजार में सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक भारी वाहनों का आवागमन रहेगा बंद

एसडीएम हर्षल चौधरी ने नगर पालिका के वरिष्ठ अधिकारी राम प्रकाश साहू सहित नपा अमले के साथ मुख्य बाजार के तीनो पाइंटो पर लगाए जा रहें बेरिकेटिग का निरीक्षण किया। वही इन बेरिकेट की ऊचाई चार फिट रखी गई। साथ ही इन बेरिकेट के पास प्रतिदिन नपा कर्मचारी डयूटी पर तैनात रहेगें। मुख्य बाजार में आने वाले भारी वाहनो लोडिंग ऑटो,मिनी स्कूल बस,निजी चार पाहिया वाहन का सुबह 10 बजें से रात्रि 8 बजें तक मुख्य बाजार में आवागमन बंद रहेगा। दिन के समय सिर्फ छोटे तीन पाहिया ऑटो व दो पाहिया वाहनो का आवागमन ही किया जा सकेगा। मुख्य बाजार में बेरिकेटिंग होने से प्रतिदिन लगने वाले जाम से नागरिको को निजात मिलेगी और पैदल चलने वाले राहगीरो को मुख्य बाजार में खरीदारी करने के लिए घण्टों जाम की समस्या का सामना नही करना पड़ता।



**बेरिकेट लगाने में क्या इस बार मिलेगी प्रशासन को सफलता**

नगर के मुख्य बाजार में भारी वाहनो के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने एंव प्रतिदिन लगने वाले जाम की समस्या को देखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा विगत कुछ माह पूर्व तत्कालीन एसडीएम प्रवीण प्रजापति के कार्यकाल में मुख्य बाजार के दोनो चौराहो पर बेरिकेट लगाने का कार्य प्रांरभ किया था। उस समय स्थानीय प्रशासन द्वारा नगर के कोट गेट एंव सराफा बाजार में बेरिकेट लगाए जा चुके थे लेकिन वह बेरिकेट सिर्फ कुछ ही समय तक लगे रह पाए। दोपहर के समय नपा द्वारा दोनो चौराहो पर बेरिकेटिंग की गई और शाम होते ही उक्त बेरिकेटिंग को हटा दिया गया। वही नगर पालिका अधिकारी व कर्मचारी से उक्त बेरिकेट कार्य को रूकने का कारण पूछा गया तो सभी अधिकारी कर्मचारी जबाव देने से बचते नजर आए। वही अब देखना यह होगा की स्थानीय प्रशासन द्वारा नगर के कोट गेट,सराफा बाजार, बड चौराहा पर लगवाए जा रहें बेरिकेट का कार्य पूर्ण हो पाएगा या पूर्व की तरह यह कार्य को भी आधा पूर्ण होने के बाद रूकवा दिया जाएगा।

### *बेरिकेटिंग से भी नहीं सुधरेगी यातायात व्यवस्था, प्रशासन को उठाना पड़ेगा सख्त कदम*

*स्थानीय प्रशासन द्वारा मुख्य बाजार के चौराहो बेरिकेटिग करने का निर्णय स्वागत योग्य है। वही कुछ प्रतिशत यातायात व्यवस्था में इन बेरिकेटिंग से सुधार की उम्मीद की जा सकती है। लेकिन जिस कारण यातायात व्यवस्था बिगडती है उस व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रशासन को कई सख्त कदम उठाना पडेंगें। जिसमें चार पाहिया हाथ ठेला सब्जी विक्रेता व सड़क किनारे सामान रखकर व्यापार करने वाले छोटे व्यापारियो एंव बाजार में खरीदी करने आने वाले ग्राहको द्वारा सड़क के दोनो ओर अपने दो पाहिया वाहनो को खडा कर दिया जाता है। इसके लिए सबसे पहले स्थानीय प्रशासन व नपा को इन दो पाहिया वाहन चालको को अपने वाहन पार्किंग करने व हाथ ठेलो पर सब्जी का विक्रय करने वाले व्यापारियो को एक निश्चित स्थान देना होगा। तब जाकर मुख्य बाजार की यातायात व्यवस्था में सुधार की उम्मीद की जा सकती है।*

## फाग लोकोत्सव में आज होंगे लोकगीत और लोकनृत्य

**सिरोंज।** होली के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय फाग लोकोत्सव कार्यक्रम में आज से 8 अप्रैल तक प्रतिदिन श्री महामाई मंदिर के पास ग्राम वीरपुर में लोकगीत एवं लोकनृत्य कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस अवसर पर आज रात्रि 9 बजे देश के सुप्रसिद्ध लोकगीत गायक जित्तू खरे एवं उनकी पार्टी द्वारा मनमोहक बुन्देली लोकगीत एवं लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी जावेगी।

### कल होगा राजस्थान का घूमर नृत्य

फाग महोत्सव कार्यक्रम में कल 5 अप्रैल को रात्रि 9 बजे से राजस्थान के प्रसिद्ध घूमर नृत्य की प्रस्तुति होगी। इस अवसर पर 6 अप्रैल शनिवार को ब्रज का प्रसिद्ध रास एवं लोकनृत्य का आयोजन होगा। फाग महोत्सव में 7 अप्रैल दिन रविवार को देश के प्रसिद्ध लोकगीत गायक देशराज नरवरिया द्वारा लोकगीत एवं लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति दी जावेगी। इस फाग महोत्सव के समापन पर 8 अप्रैल सोमवार को प्रसिद्ध लोकगीत गायक बलबीरसिंह राजपूत द्वारा लोकगीत एवं लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी जावेगी। आयोजन समिति ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के समस्त लोक प्रेमियों से इस अवसर पर आयोजित समस्त कार्यक्रम में पधारने का आग्रह किया है।

## गायों की प्यास बुझाने संत सुधा सागर गौशाला के सदस्यों ने रखी होदियां

### अनेक स्थानों पर 50 से अधिक होदियां रखने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



सूरज की तपिश में परेशान बेजुबानों की प्यास भुजाने के लिए संत सुधा सागर गौशाला के सदस्यो द्वारा अपने घरो के बाहर होदिया बनवाई गई। जिससे की गाय,पक्षी अन्य बेजुवान जानवर शीतल जल से अपनी प्यास बुझा सकें।

इस अवसर पर संत सुधा सागर गौशाला के वरिष्ठ सदस्य नरेन्द्र जैन, आयुश जैन घेतल ने बताया कि गायो व बेजुवान जानवर इस भीषण गर्मी में पानी न मिलने के कारण कई जानवर अपना दम तोड़ देते है इसको देखते हुए गौशाला के सदस्यों द्वारा अपने अपने घरो के बाहर गायो पानी पिलाने के लिए बडी बडी होदिया बनाए गई है। वही उन्होने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि शहर के अनेको स्थानो पर ऐसी 50 से अधिक होदिया बनाई जाएगी जिससे की इस भीषण गर्मी में कोई भी बेजुवान जानवार पानी के अभाव मे परेशान न हो। वही गौशाला के सदस्यो ने इसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर लिया है। जैन धर्म व सनातन धर्म में बेजुबान जानवरों की सेवा करने के लिए कहा गया है। इसका भी अपना धार्मिक महत्व है। पशु-पक्षियों की सेवा करने वाले लोगों का मानना है कि जिनका बुध कमजोर होता है, पक्षियों को दाना खिलाने और पानी पिलाने से वह ठीक होने लगता है। साथ ही घर की छतों पर पक्षियों के लिए दाना पानी रखने से घर में स्मृद्धि आती है।

## छोटे बच्चों ने रखा पहला रोजा, तोहफे और फूल माला से किया बच्चों का स्वागत



**सिरोंज।** रमजान उल मुबारक के महीने में एंजेल ने पहला रोजा रखा वही नगर में मौजूद बिलाल मस्जिद में रोजे इफ्तार कराया गया। जहां रोजेदारों ने शिरकत की और पहला रोजा रखने वाले बच्चों को उपहार दिए गए वहीं एंजेल की उम्र लगभग 12 साल की है जिन पहला रोजा रखा है रोज लगभग 16 घंटे का हुआ है।

## एसडीएम न्यायालय में एक वर्ष बाद आज होगी सरंपच पद के लिए पुनर्मतगणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



सिरोंज अनुविभागीय राजस्व न्यायालय में पदस्थ एसडीएम हर्षल चौधरी द्वारा सिरोंज के इतिहास में पहले बार पंचायत में हुए पंचायत चुनाव को लेकर सरपंच की जीत हार में अंतर मानते हुए न्यायालय में पुर्नमतगणना के आदेश जारी किए है।

जिसकी मतगणना आज तहसील कार्यालय में एसडीएम हर्षल चौधरी, तहसीलदार संजय चौरसिया,जनपद पंचायत के सहायक यंत्री एन पी मेहर,निर्वाचन शाखा में पदस्थ चन्द्र प्रकाश व्यास की मौजूदगी में सम्पन्न होगी। वही इस पुर्नमतगणना को लेकर ऐसा माना जा रहा है कि सिरोंज के इतिहास में पहले बार चुनाव होने के एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद दोबारा मतगणना हो रही। मामला ग्राम पंचायत महादेव खेडी के सरंपच पद के लिए एसडीएम न्यायालय में लगभग एक वर्ष पूर्व लंबित पडें हुए प्रकरण में सुनवाई होने के बाद एसडीएम हर्षल चौधरी ने अपना आदेश दिया है। दरअसल ग्राम पंचायत महादेवखेडी में सरपंच पद पर कमलेश पाल दो मतो से विजयी घोषित किए गए थे। कमलेश पाल को 296 मत मिले थे और पराजित प्रत्याशी शिव सिंह को 294 मत मिले थे। केवल दो वोट से हारने के बाद मतगणना में गड़बडी का आरोप लगाते हुए शिव सिंह ने दोबारा मतगणना को लेकर एसडीएम न्यायालय में याचिका दायर की थी। उल्लेखनीय है कि एसडीएम हर्षल चौधरी जब से सिरोंज में पदस्थ हुए है तभी से शहर के विकास एंव प्रशासनिक कसौठी लेकर एक अच्छा प्रयास करते आ रहें है। जहां तक राजस्व न्यायालय से संबधित प्रकरणो में एसडीएम ने वर्षो से लंबित प्रकरणो में सुनवाई कर आदेश जारी किए है। जिससे की पक्षकारो को भी राहत की सांस मिल रही है।

## मंत्री ने बेटे के साथ हुई मारपीट की घटना को षडय़ंत्र बताया, सौंपा ज्ञापन

### उच्च स्तरीय जांच की मांगः मुख्यमंत्री के नाम सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

- प्रदेश स्तर तक चर्चा की विषय बनी हुई है घटना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



30 मार्च की रात में भोपाल में प्रदेश के स्वास्थ्य परिवार कल्याण राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के बेटे अभिज्ञान पटेल के साथ हुई घटना को विरोधियों का षडय़ंत्र बताया है। मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी संतोष मुदगल कारे नपं अध्यक्ष हेमंत चौधरी के नेतृत्व में महिला-पुरुष पार्षदों ने ज्ञापन सौंपा। घटना को राजय मंत्री पटेल की छवि धूमिल करने का षडय़ंत्र बताते हुए उच्च स्तरीय जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

उदयपुरा बरेली विधानसभा के विधायक नरेन्द्र शिवाजी पटेल प्रदेश की सरकार में राज्य मंत्री है। ज्ञापन में कहा गया कि दो वाहनों की मामूली टक्कर की घटना को अनावश्यक रूप से तूल दिया गया। इतना ही नहीं मंत्री के पुत्र अभिज्ञान पटेल के साथ थाने में मारपीट भी की गई।

एसडीएम संतोष मुदगल को नपं अध्यक्ष हेमंत चौधरी के नेतृत्व में उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, पार्षद चंद्रप्रकाश मेहरा, पूरन सिंह धाकड़, राखी चौधरी के साथ नंदकिशोर चांडक, भरत शर्मा, वीरेन्द्र धाकड़, शैलेन्द्र पटेल, श्याम पटैल, रणीधर चौधरी, प्रतिपाल साहू, शारदा सराठे, सोनी सराठे, प्रहलाद मांझी सहित अन्यों की उपस्थिति रही। भोपाल में मंत्री पटेल के बेटे के साथ हुई घटना नगर एवं संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। चुनावी मौसम में घटना को चर्चा का विषय बनाया जा रहा है।

### मुनिसंघ का हुआ नगर आगमन

**विदिशा।** आचार्य विद्यासागरजी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि विमल सागर महाराज एवं मुनि अनंत सागर महाराज का नगर आगमन पारसनाथ जिनालय रामद्वारा में हुआ। देवदर्शन कर सिविल लाइन होते हुए सागर की ओर रवाना हुए। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया मुनिश्री का राजस्थान के घाटोल में चातुर्मास हुआ था। लगभग 1000 किलोमीटर का लगातार विहार कुंडलपुर की ओर चल रहा है। रात्रि विश्राम ओलंपस स्कूल में हुआ एवं सुबह पुनः पदविहार करते हुए संभावित आहार चर्या आगे 14 किमी ग्राम वक्कपाटनी पर होगी। मुनि संघ को कुंडलपुर तक लगभग 250 किमी का मंगलविहार करना है। 16 अप्रेल को आचार्य पदारोहण महामहोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे।



### सड़क का जायजा

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने बुधवार को भ्रमण के दौरान ग्राम पांझ पहुंच मार्ग निर्माण सड़क के कार्यो की गुणवत्ता का परीक्षण किया। उन्होंने सड़क के दोनों और शोल्डर ठीक कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार से गुणवत्ता में कोई लापरवाही ना बरती जाए का विशेष ध्यान देने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री एलएस यादव को दिए है। निरीक्षण के दौरान विभाग के एसडीओ रविप्रकाश चिड़ार ने सड़क मार्ग की ड्राइंग और पुल-पुलियों से बिन्दुवार अवगत कराया है।

### कटारिया ने छोड़ी कांग्रेस

**विदिशा।** कांग्रेस के डॉक्टर शैलेंद्र कटारिया ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिलाध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा। चार दशक से भी अधिक समय से वह कांग्रेस पार्टी से जुड़े थे। उन्होंने बताया की अयोध्या राम मंदिर मुद्दे पर कांग्रेस में गंभीरता की कमी रही। डॉक्टर कटारिया का कहना है की न तो कांग्रेस के पास कोई विजन है और न ही अच्छे कार्यकर्ताओं को पहचानने के मापदंड हैं। इसलिए कांग्रेस में अब बने रहने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। इसलिए उन्होंने कांग्रेस पार्टी छोड़ी है।

## तीसरे दिन रामायण व श्रीराम की महिमा का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



श्रीनरसिंह टेकरी हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रहे श्रीराम कथा महोत्सव के तृतीय दिवस कथा व्यास महामण्डलेश्वर पू. ब्रम्हचारी जी महाराज ने बताया कि जब पाप पुण्य बराबर होते है तब ईश्वर की कृपा से अत्यंत दुर्लभ मानव शरीर की प्राप्ती होती है। कहा कि भगवान शंकर द्वारा सार मंत्र बनाए जिनमें विलक्षण शक्ति होती है।

ब्रम्हचारी महाराज ने रामायण की महिमा एवं राम गुन गुान शब्दों की विलक्षण शक्ति एवं नाम जप के लाभ के संबंध में विस्तार से बताया कहा कि ब्रम्ह मुर्हुत में उठना, स्नान करना और राम नाम जप करने से अत्यंत लाभ है। ब्रम्हचारी जी ने भगवान के नाम जप की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि नाम जप की आश्रय सभी को लेना चाहिए नाम से अब सागर के सारे कष्ट मिट सकते हैं। नाम जप के दस अपराध- ब्रम्हचारी महाराज ने रामायण, श्रीराम एवं नाम की महिमा, लाभ का विस्तार से वर्णन किया इसी के साथ नाम जय के दस अपराधों की भी चर्चा की। कहा कि सत्पुरूषों की निंदा करना, नास्तिक प्रवृति के लोगों को नाम की महिमा नहीं बताना चाहिए। भगवान शंकर, विष्णु एवं ब्रम्हा में बड़े छोटे की भावना करना वेटारें की वाणी पर श्रद्धा न करना नाम में भ्रांति उत्पन्न होना, दूसरे धर्म के साथ नाम की तुलना करना नाम जप के अपराध बताये गए। इसी के साथ पू. ब्रम्हचारी जी ने नाम जप के तरीकों पर चर्चा करते हुए बताया कि रोज नियम से नाम का जप करना, निष्काम भाव से नाम का जप करना एवं निरंतर नाम का जप करना चाहिए। नाम जप से होने वाले लाभ की भी विस्तार से चर्चा की।

### कलेक्टर ने ग्यारसपुर पहुंचकर मतदाताओं को किया जागरूक

**ग्यारसपुर।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ ग्यारसपुर बस स्टैंड से मुख्य मार्ग से रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। मतदाताओं को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पथरई पंचायत की बालिकाओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक कर मतदाताओं को जागरूक किया। नाटक के माध्यम से संदेश दिया गया कि लोकतंत्र मतदाता ही इस देश का भाग्य विधाता है, हम सभी को लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए देश हित में राष्ट्र हित में वोट करना है। नुक्कड़ नाटक के पश्चात सभी को हाथ आगे कर मतदान करने की शपथ दिलाई गई। कलेक्टर के द्वारा ग्राम पंचायत दीघौरा के ग्राम करैया में पहुंचकर आयुष्मान भारत योजना के शिविर में सम्मिलित हुए एवं आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों से भी चर्चा की। रैली में जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट अनुविभागीय अधिकारी मनोज उपाध्याय जनपद सीईओ जितेंद्र जैन तहसीलदार सौरव मालवीय, समग्र विस्तार अधिकारी महेश कुशवाह, आजिविका मिशन की ब्लॉक प्रबंधक रेखा वर्मा नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन, थाना प्रभारी सीमा राय, जनपद आदि मौजूद रहे।

## राशि स्वीकृत, नहीं हुए निर्माण कार्य

**बरेली।** बाडी जनपद की 106 ग्राम पंचायतों में से 2 हजार से अधिक आवादी वाली 27 ग्रापं में वर्षों पूर्व स्व'छता परिसर निर्माण के लिए 4-4 लाख की राशि स्वीकृत की गई थी। ग्रामीणों, महिलाओं की सुविधाओं के लिए निर्माण होने वाले स्व'छता परिसरों के प्रति जिम्मेदारों की उदासीनता से अनेक स्थानों पर निर्माण अनेक आधे अधूरे तो नगर से लगी ग्रापं कामतौन में स्व'छता परिसर निर्माण कार्य चल रहा है। ग्रापं कामतौन में पिछले वर्षों में विभिन्न मार्गों एवं निर्माण कार्यों की लगभग 40-50 लाख की राशि ग्रापं के पास होने के बाद भी कार्य न होने से विकास निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे है। शासन की विभिन्न योजनाओं विकास और निर्माण कार्यों का निचले स्तर पर लाभ ग्रापं के माध्यम से मिलता है। बाडी जनपद की दर्जनों ग्रापं में शौचालयों के निर्माण में व्यापक स्तर पर अनिमित्ताएं होने से आधे अधेरे क्षतिग्रस्त होने से लाभ नहीं मिल रहा है। ओडीएफ घोषित होने के बाद ग्रामीण महिलाएं खुले में शौच जाने मजबूर रहते है। शुलभ शौचालयों की तर्ज पर ग्रापं में स्व'छता परिसर निर्माण के कार्यों के प्रति 27 स्वीकृत में से अधिकांश की स्थिति बदतर है। स्व'छता परिसरों के निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग पानी स्व'छता साफ सफाई की व्यवस्था न होने से ताले लटके रहने से जरूरतमंदों को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### 270 वर्गफीट में निर्माण

ग्रापं में एक स्व'छता परिसर का 270 वर्गफिट में निर्माण होना चाहिए जिसमें 6 यूनिट बनना थी। & महिलाओं के लिए & पुरुषों के लिए। & लाख 44 हजार की लागत से बनने वाले स्व'छता परिसरों के निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी से राशि भी खर्च हो गई और लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। वर्ष 2019-20 में स्वीकृत स्व'छता परिसर का 202 पु. 24 में निर्माण होने से समझा जा सकता है कि स्वीकृत ग्रापं में स्व'छता परिसरों की स्व'छ भारत मिशन योजना के क्रियान्वयन में कितनी बदतर स्थिति बनी हुई है।

## आश्वासन नहीं हुआ पूरा, फिर विरोध में उतरे वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

बुधवार को वार्ड क्र.1 में स्थित शराब दुकान को हटवाने के लिए वार्डवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी मनोज प्रजापति के नाम तहसीलदार संदीप शर्मा को ज्ञापन सौंपकर शराब दुकान हटवाने की मांग रखी है।

वार्ड वासियों का कहना है कि नगर में बस स्टैंड के पास संचालित शराब की दुकान से 50 मीटर के दायरे में शिव शक्ति धाम मंदिर, शासकीय चिकित्सालय मैरिज गार्डन कोचिंग संस्थान है। बस स्टैंड से मंडी बामोरा मुख्य बाजार का यातायात निकलता है। जिस कारण से वार्ड नंबर एक की महिलाओं एवं छात्र-छात्राओं का शराब दुकान के सामने से होकर निकल कर मंदिर एवं कालेज कोचिंग सेंटर जाना पड़ता पड़ता है जहां पर दिनभर नशाखोरों का जमावड़ा लगा रहता है। जो सड़क किनारे बैठ कर शराब पीते है और गाली गलौज करते हैं। जिससे महिलाओं को निकालने में शर्मिंदगी महसूस होती है। वही वही शादी-विवाह के सीजन में बाराती रात भर शराब पीते है और मोहल्ले में उत्पाद मचाते हैं। शराब दुकान से शराब लेकर एवं पीकर लोग अपने वाहन को सीधा मुख्य सड़क पर चढ़ा देते हैं जिससे दुर्घटना हो जाती है। वार्ड वासियों का ज्ञापन के माध्यम से कहना है कि 2 दिन के अंदर दुकान इस स्थान से नहीं हटाई गई तो चक्का जाम एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी जवाबदारी प्रशासन की रहेगी।




दुकान के पास स्टेट बैंक ऑफ इंडिया केनरा बैंक आईसीआईसीआई बैंक ग्रामीण सेंट्रल बैंक गोल्ड लोन बैंक सहित क्यूसेक बैंक संचालित है। शराब की दुकान होने के कारण शराब पीकर असामाजिक तत्व उत्पाद मचाते रहते हैं शराब दुकान के आसपास एवं बैंकों के सामने से वाहन चोरी लूटपाट की घटनाएं घटित हो चुकी है। ज्ञापन सौंपने वालों में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सीताराम सैनी पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लाखन सिंह दांगी, नारायण सिंह, जगन दांगी राज पंडित, मनोहर शर्मा , राजकुमार सहित अनेक महिलाएं शामिल रहीं। प्रशासन ने दो दिन के अंदर दुकान नहीं हटाई गई नगरवासी एवं महिलाओं के साथ मंदिर समिति द्वारा चक्काजाम, धरना, प्रदर्शन किया जाएगा। किसी भी स्थिति में शराब की दुकान इस स्थान पर संचालित नहीं होने दी जाएगी।

### निर्देशानुसार कार्रवाई करेंगे

कुछ लोगों द्वारा शराब दुकान को हटाने को लेकर ज्ञापन दिया गया है। कस्बा पटवारी से मौके की जांच कराई जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।
- **संदीप शर्मा**, तहसीलदार कुरवाई

**// जाहिर सूचना //**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती ममता शर्मा पत्नि श्री प्रकाश शर्मा निवासी ग्राम वन जागीर तहसील गुलाबगंज जिला विदिशा म.प्र. हाल मुकाम उदयनगर कॉलोनी विदिशा (म.प्र.) के द्वारा आप श्रीमती सुनीता रघुवंशी पत्नि श्री हरिओम रघुवंशी निवासी विदिशा के स्वत्व एव आधिपत्य के प्लाट वार्ड नबर-32, उदयनगर कॉलोनी विदिशा मै जो मौके पर 30 फिटबाय 60 फिट अर्थात् 1800 वर्गफिट का है, जो सर्वे नंबर 1478/3 रकवा 0.047 हेक्टेयर का अंश है, जिसके पूर्व दिशा में - रघुवीर सिंह रघुवंशी का मकान, पश्चिम दिशा में - मोहन साहू का मकान, उत्तर दिशा में नेमा का मकान, दक्षिण दिशा में रोड को क्रय करने का विक्रय-अनुबंध-पत्र करा लिया है एवं ब्याना राशि अदा कर दी है, अब मात्र विक्रय-पत्र का निष्पादन होना शेष रह गया है, यदि उक्त सम्पत्ति के वावत् किसी व्यक्ति विशेष, बैंक, सोसायटी, संस्था, शासकीय, अशासकीय अथवा अर्द्धशासकीय का कोई लेन-देन, बैंक या स्वत्व सम्बन्धी कोई विवाद हो तो इस जाहिर सूचना के सात दिवस के अन्दर मय दस्तावेजों के मेरे कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करावें बाद गुजरने म्याद मेरी पक्षकार विक्रय-पत्र का निष्पादन कर कब्जा प्राप्त कर लेवेगो तत्पश्चात् किसी प्रकार को कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

भवदीय प्रेमसिंह दांगी एडवोकेट
खरी फाटक गल्ला मण्डी
रोड विदिशा (म.प्र.) मो. नं. 9893574426.

ग्रामों में आग लगने पर नगर परिषद की दमकल के भरोसे तहसील के 255 ग्राम

# प्रशासन की अनदेखी: ग्राम व जनपद पंचायत के पास नहीं है आग पर काबू पाने के संसाधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

आदिवासी बाहुल्य विकास खण्ड सिलवानी के ग्रामो में गर्मी के मौसम में होने वाली आगजनी की घटनाओ पर समय रहते काबू पाए जाने को लेकर प्रशासन के पास ना कोई इंतजाम है ना ही ग्राम पंचायतो के पास इतने संसाधन है कि वह आग की घटना को तत्काल ही काबू में कर सके। फल स्वरुप आग लगने पर ग्रामीणो को लाखो रुपए का नुकसान उठाना पड़ता है। आग की घटनाओं पर काबू पाने के लिए पंचायत और जनपद पंचायतों में पर्याप्त संसाधन नहीं है। जिन पानी के टैंकरों के भरोसे अफसर संसाधन पर्याप्त होने का दावा कर रहे हैं वह भी अधिकांश पंचायतों में खराब पड़े हैं।

अधिकतर में इंजन ही नहीं लगे हैं इससे ये अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। मजबूरन ग्रामीण आगजनी की घटना होने पर नगर परिषद की दमकलों को बुलाते हैं। परेशानी तब बढ़ जाती है जब एक ही समय में दो विपरीत दिशा में आग लग जाए और वहां तक पहुंचने में समय अधिक लगे तो दोनों जगह इन फायर ब्रिगेड का पहुंचना संभव नहीं हो पाता है। ऐसे में पीड़ित की संपत्ति और फसल दोनों खाक हो जाती है जिससे कर्मचारियों से लेकर अफसरों तक ग्रामीणों की नाराजगी का सामना करना पड़ता है।

सिलवानी तहसील को राजस्व विभाग के द्वारा कार्यो की सुविधा की दृष्टि से 3 सर्किल में विभाजित किया गया है। बनाए गए जैथारी, बम्होरी व सिलवानी राजस्व सर्किल में से प्रत्येक सर्किल में प्रषासन या जन प्रतिनिधियो के द्वारा एक एक दमकल की व्यवस्था की जा सकती है। ऐसा होने पर आगजनी कीघटना होने पर कम समय में ही आग पर काबू पाया जा सकता है।

### फेक्ट फाइल

- सिलवानी तहसील के 255 ग्राम, 72 ग्राम पंचायतो में है विभाजित
- 3 राजस्व सर्किल में प्रत्येक के पास हो दमकल की व्यवस्था
- प्रति वर्ष ग्रामों में होती है अनेको आगजनी की घटनाएं
- आग पर काबू पाने पंचायत और जनपद में संसाधन नहीं
- नप की दमकल के भरोसे ग्रामीण क्षेत्र




### नप की दमकल के भरोसे तहसील के 25 ग्राम

*सिलवानी तहसील में करीब 255 ग्राम आते है। जो कि 72 ग्राम पंचायतो में विभाजित है। आदिवासी बाहुल्य विकास खण्ड सिलवानी की समस्त ग्राम पंचायते संसाधनो के अभाव में जूझ रही है। ग्राम पंचायत के पास आगजनी होने पर उसे काबू में करने के साधन नही है। आगजनी होने पर ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है बल्कि आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। हालांकि नगर परिषद सिलवानी के पास 2 दमकल है। जो कि नगर व अंचल के खेत, खलियानो व मकानो में लगने वाली आग को काबू में करने के लिए मौके पर पहुंचती है। परेशानी उस समय होती है जब एक ही समय में दो विपरीत दिशाओ में एक साथ आग लग जाती है, लेकिन दमकल एक ही स्थान पर पहुंच पाती है।*

### 55 किलो मीटर दूर है ग्राम

तहसील मुख्यालय से ग्रामो की दूरी भी 50 किलो मीटर से अधिक है। आदिवासी बाहुल्य ग्राम नारायणपुर की दूरी मुख्यालय से 55 किलो मीटर दूर है। आगजनी की घटना पर सिलवानी से नप की दमकल को पहुंचने में लगभग 2 घंटे लगते है। जव तक दमकल मौके पर पहुंचती है तब तक सब कुछ जल कर स्वाहा हो चुका होता है।

### हर साल नरवाई जलाने पर लगता है प्रतिबंध, असर नहीं

कलेक्टर द्वारा प्रतिवर्ष नरवाई की आग जलाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है, उसका असर भी देखने को नहीं मिलता है। यही वजह है कि गर्मियों में सिलवानी नगर परिषद दो फायरबिग्रेड पर तहसील की करीब दो लाख आबादी निर्भर बनी हुई है।

अभी स्थिति यह है कि शासन प्रशासन के अनेक प्रयासों व समझाइश के बाद भी किसान गेहूं की फसल काटने के बाद नरवाई में आग लगा देते हैं। इसी तरह जंगल में महुआ बीनने के लिए पहुंचे लोग पत्तों को एकत्र करके आग लगा देते हैं। ताकि उन्हें पेड़ के नीचे महुआ के फूल आसानी से प्राप्त हो सकें।

### ग्रामीणों की जुबानी

*हालांकि प्रत्येक ग्राम पंचायत के पास दमकल की व्यवस्था ना तो प्रशासन करा सकता है और ना ही ग्राम पंचायत ही व्यवस्था जुटा सकती है। ग्रामीण राम सेवक पटेल शालाबर्रु का कहना है कि क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष आगजनी की घटनाए होती है सिलवानी नप से दमकल आने मे समय लगता है, तहसील में 3 राजस्व सर्किल है प्रत्येक राजस्व सर्किल में एक एक दमकल की व्यवस्था सांसद, विधायक निधि या प्रशासन स्तर पर हो जावे तो आग लगने पर उसे जल्द ही काबू किया जा सकता है इससे अधिक नुकसान होने से रोका जा सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि 20 गांवों का एक सर्किल बनाकर पंचायतों के बीच में एक फायर ब्रिगेड या ऐसा टेंकर जो आग बुझाने में उपयोगी हो। ऐसी व्यवस्था जनपद स्तर पर होना चाहिए ताकि वह समय पर भी पहुंच सके और पीड़ितों का नुकसान भी कम हो। उल्लेखनीय है कि गर्मी के मौसम में हर वर्ष गेहू की फसल नरवाई व जंगल, घरों में आग लगने के मामले सामने आते हैं। जिससे किसानों को लाखों की आर्थिक क्षति के अलावा बेशकीमती पर्यावरण को नुकसान होता है। लेकिन इससे निपटने के लिए जहां पंचायतों के पास पर्याप्त संसाधनों का अभाव बना हुआ है तो वहीं आगजनी को लेकर ग्रामीण अंचलों में नागरिक भी जागरुक नहीं हो रहे हैं।*

### जानकारी के अभाव में नहीं हो पाती कार्रवाई

प्रशासन द्वारा नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। नरवाई जलाने के मामले को लेकर यदि किसी व्यक्ति के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई जाए तो उसे जेल की सजा हो सकती है। लेकिन इसका किसानों पर कोई असर नहीं पड़ता है। प्रशासन भी ऐसे किसानों के ऊपर कार्रवाई करना उचित नहीं समझता है।

# अनियंत्रित होकर खेत में जाकर पलटी कार

## चालक युवक को आई मामूली सी चोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज/सलामतपुर

बुधवार को सलामतपुर थाना क्षेत्र के भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 के पास सेमरा मार्ग पर सेमरा गांव से कुलहाड़िया पेट्रोल टैंक आ रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर खेत में जाकर पलट गई। वो तो गनीमत रही कि कार चला रहे युवक को मामूली सी चोट आई हैं। जिसे परिजनों द्वारा अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद युवक की छुट्टी कर दी गई है।

वहीं कार जिस तरह से पलटी खाई थी एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया। दुर्घटना में कार पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गई है। कार देखकर यह अंदाजा लगाना मुश्किल है कि इसको चलाने वाले को चालक को कोई चोट नही आई।

### हाइवे को फोर लाइन करने की उठाई मांग

भोपाल विदिशा नेशनल हाइवे 146 और स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे हैं। इन रोज़ होने वाले हादसों की वजह से ही अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहा जाने लगा है। वहीं सलामतपुर, सांची, दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने इस भी इस सड़क को 4 लाइन करने की मांग शासन प्रशासन से की है।

### पुलिस भी परेशान

गौरतलब है कि एनएच 146 और स्टेट हाइवे 18 पर एक वर्ष में लगभग सौ सड़क हादसे हो चुके हैं। जिसमें पच्चीस से ऊपर लोगों की मौत भी हो चुकी है। सलामतपुर, सांची व सूखी सेवनिया पुलिस भी रोज़ हो रही इन दुर्घटनाओं की वजह से काफी परेशान हैं। क्योंकि थाने में पुलिस बल काफी कम है और सड़क हादसों में पुलिस बल भेजने के बाद थाने में पुलिस बल कम पड़ जाता है। जिससे थाने आए फरियादियों को परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से स्टेट हाइवे 18 को फ़ोर लाइन करने की मांग की है।

# रोज बन रही जाम की स्थिति, ग्रामीणों ने सीमेंटेड रोड से लगा रखे टीनसेट

## वाहन चालक व राहगीरों को करना पड़ता है परेशानियों का सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज




ग्राम दीवानगंज में अतिक्रमण के कारण गांव में वाहन क्रॉसिंग में आ रही है। समस्या जबकि दीवानगंज में रविवार के दिन हाट बाजार लगता है, जिसमें आसपास के 25 से 30 गांव के लोग दीवानगंज में बाजार करने अपने वाहनों से आते हैं, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि दीवानगंज के लोगों ने अपने मकान के सामने सीसी रोड से टीन सेट कर रखें हैं।

दीवानगंज के रोड पर अगर कोई चार पहिया वाहन आ जाता है तो एक टू व्हीलर वाहन इस रोड से नहीं निकल सकता हैं। गांव के लोगों ने अपने मकान और टीन सेट सीसी रोड से लगा रखे जिससे चार पहिया वाहन और बड़े वाहन जो रेलवे स्टेशन तक आते जाते हैं उनको भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दीवानगंज में कई स्कूलों कि बसे भी आती है उनको 3 किलोमीटर के रास्ते से निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अगर वाहन किसी दुकानदार की तीन सेट या समान से टकरा जाता है तो गांव के ग्रामीण वाहन वाले से लड़ने को तैयार हो जाते हैं। ऐसा मे कई बार विवाद की स्थिति बनी है फेक्ट्री चौराहा से लेकर रेलवे स्टेशन दीवानगंज तक वाहन चलाने वाले ड्राइवर को अतिक्रमण के कारण अपना वाहन चलाना मुश्किल हो रहा है। जब कोई एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड आती है तो दीवानगंज रोड में निकलने में ही उसको आधा घंटा लग जाता है जिससे मरीज और डिलीवरी वालों को अस्पताल तक पहुंचने में काफी समस्या आती है।

कुछ वर्ष पूर्व अतिक्रमण की जानकारी तहसील सांची में दी गई थी उस समय अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई गई थी।

## 13 महीने के बाद भी जांच नहीं हुई पूर्ण, शंका के घेरे में जांच अधिकारी, मनरेगा में लाखों का हुआ भुगतान

# ग्राम पंचायत किनगी सुल्तानपुर भ्रष्टाचार की पाठशाला! शिकायती पत्र तोड़ रहे हैं दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

ग्राम पंचायत किनकी सुल्तानपुर में मनरेगा योजना को जिस तरीके से पलीता लगाया गया है उससे निगरानी और निरीक्षण और नियंत्रण करने वाले अधिकारियों की पोल खोल कर रख दी है। मूल्यांकन रिपोर्ट सहायक यंत्री की रिपोर्ट और मुख्य अधिकारी की रिपोर्ट इस बात का प्रमाण है कि फोटो कॉपी पर फोटो कॉपी की जा रही है यानी निरीक्षण रिपोर्ट का निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर किया जा रहा है जमीनी हकीकत देखकर नहीं जिससे भ्रष्टाचार को पंख लग चुके हैं।

ग्राम पंचायत किंनगी सुल्तानपुर में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत जिला कलेक्टर रायसेन से की गई शिकायत में ग्रामीणों ने मनरेगा के मास्टर रोल में व्यापक स्तर पर फर्जी लोगों के नाम से राशि पंचायत सचिव एवं मूल्यांकन अधिकारी के हस्ताक्षर से निकल गई प्रथम दृश्यता में भ्रष्टाचार आईने की तरह दिखने लगा। जिला कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए गए 2003 में अधिकारी ने जांच अधिकारी सहायक यंत्री को बनाया गया, उम्मीद थी कि भ्रष्टाचार का चेहरा सामने आएगा लेकिन 13 महीने बीतने के बाद भ्रष्टाचार का चेहरा छुपा हुआ है क्या है जांच के बिंदु और किन-किन अधिकारियों इस पूरे मामले में फंसे हुए दिखाई दे रहे जिन्हें बचाने के लिए जांच को कछुआ चाल बनाया जा रहा है। इसके पीछे लोगों का तर्क है की एक उपन्यत्री को बचाने के लिए विभाग जांच को प्रभावित कर रहा है हम आपको हकीकत से रूबरू कर रहे हैं।

### 2023 को शुरू हुई जांच की गति कछुआ जैसी

*लोगों ने भ्रष्टाचार और फर्जी भुगतान पत्र के प्रमाणित दस्तावेज के साथ कलेक्टर को 2023 में शिकायत दर्ज की तत्काल कलेक्टर ने जांच के दिशा निर्देश दिए गए जनपद के सहायक यंत्री को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया जांच में कितनी प्रगति हुई जांच की स्थिति क्या है यह सब कुछ छुपाया जा रहा है। इसके पीछे बड़े-बड़े मगरमच्छ फस रहे हैं। जांच को लीपा पोती की स्थिति में पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन ग्रामीण के लोगों ने एक बार फिर कलेक्टर से जांच की स्थिति की मांग हेतु एक मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया है जिससे उन अधिकारियों की मनसा पर पानी भर सकता है, जो जांच को प्रभावित करना चाहते हैं क्या जांच अधिकारी पर भी जांच बैठेगी यह चर्चा का विषय बना हुआ है।*

### शौचालय निर्माण में महा घोटाला

शौचालय निर्माण में भारी भ्रष्टाचार हुआ है, 60 प्रतिशत शौचालय कागजों में बन चुके जिनका जमीन से कोई सरोकार नहीं 30 प्रतिशत शौचालय अपूर्ण है लेकिन पंचायत में इन्हें पूर्ण बता दिया गया है, यदि शौचालय पूर्णता प्रमाण पत्र जिन हितग्राहियों को दिया गया है उसमें भौतिक सत्यापन करने वाली अधिकारियों ने जिस तरीके से सत्यापन किया है, उसका जिला पंचायत अधिकारी भौतिक सत्यापन करें तो भ्रष्टाचार की पाठशाला की हकीकत सामने आ जाएगी।

### सड़क निर्माण घोटाला

ग्राम पंचायत में बनाई गई सड़क क्या कार्य आदेश के अनुसार बनाई गई हैं या मनमर्जी के आधार पर पंचायत की सड़क माप पुस्तिका भ्रष्टाचार की पोल खोल रही है। जमीनी हकीकत कह रही है सड़क बनी नहीं पैसा निकाल लिया गया काम से अधिक राशि का भुगतान काम नहीं होने पर राशि निकालने का मामला भी जांच का विषय बना हुआ है।

ग्रामीण लोगों को दिए गए आवास के उपयोगिता प्रमाण पत्र के मूल्यांकन करने वाले तीन अधिकारियों का भौतिक सत्यापन किया जाए तो लाखों का घोटाला सामने आएगा इस मामले में कई लोगों ने एक शिकायती पत्र मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन को भेजा है।

### करेंगे जांच

यह मामला प्रकाश में आया है। मैं जांच के आदेश दे रहा हूं, जो भी कोई भी दोषी पाया जाएगा उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**- दानिश अहमद,** सीईओ जनपद पंचायत बाड़ी ।

### कब होगी जांच पूर्ण

जांच अधिकारी जांच कब पूर्ण करेंगे क्या जांच अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारी मीडिया एवं बुद्धिजीवियों को यह बताने का प्रयास करेंगे कि आखिर जांच की स्थिति क्या है और जांच में इतना विलंब का कारण क्या है जनता में इस बात को लेकर जन चर्चा बनी हुई है।

# नगर पालिका ने निकाली मतदता जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोकसभ चुनाव में अधिकाधिक मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को नगर पालिका रायसेन द्वारा शास. स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। एसडीएम पीसी शाक्य द्वारा सभी को निर्वाचन में बिना किसी भय, दबाव या लालच के स्वविवेक से नैतिक मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। रैली में सीएमओ रायसेन सुरेखा जाटव, जनशिक्षक सूर्यप्रकाशन सक्सेना सहित अन्य अधिकारी और छात्र-छात्राएं शामिल हुए।




# शिक्षकों और अधिकारियों को दिया दो दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में शिक्षकों वा अधिकारियों को दो दिवसीय प्रशासकीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गया।

1 तथा 2 अप्रैल इस ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान आरटीआई, जेंडर सेंसटाइजेशन, वूमेन हैरेसमेंट, कर्मचारी नियुक्ति, पदोन्नति में आरक्षण रोस्टर सिस्टम इत्यादि के विषय में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रथम दिवस 01 अप्रैल को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्यनाथ लाभ ने औपचारिक शुभारंभ किया। नई दिल्ली से आए उक्त विषयों के विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश शेजवाल ने शिक्षकों और अधिकारियों को इन विषयों पर विस्तृत ट्रेनिंग प्रदान की।



प्रशिक्षक डॉ. प्रकाश शेजवाल ने बताया कि आरटीआई सरकार, शासन व संस्थानों में पारदर्शिता की गारंटी है और केंद्रीय तथा शासकीय संस्थानों को पारदर्शी तरीके से मांगी गई जानकारी के दस्तावेज़ उपलब्ध कराने चाहिए।

## देवी मंदिरों में की जा रही है सजावट

# नवरात्र 9 अप्रैल से, माता की भक्ति में सराबोर रहेंगे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

चैत्र नवरात्रि पर्व का आगाज 9 अप्रैल से होगा। घट स्थापना के साथ हीदेवी मंदिरो व घरो में देवी भक्तो के द्वारा पूजा, आराधना आदि अनुष्ठान प्रारंभ किए जाएगे। अनेको स्थानों पर ज्वारे भी बोए जाएंगे। नगर के देवी मंदिरो की श्रद्धालुओं द्वारा साफ सफाई की मंदिरो को सजाया व संवारा जा रहा है। 9 दिनों का यह महापर्व राम नवमी के साथ 17 अप्रैल को समाप्त होगा। नवरात्रि प्रतिपदा का आरंभ 8 अप्रैल को देर रात 11 बजकर 50 मिनट पर होगा और अगले दिन यानी 9 अप्रैल को रात के समय 8 बजकर 30 मिनट पर समाप्त हो जाएगी, इसलिए उदया



तिथि की मान्यता के अनुसार नवरात्रि का आरंभ 9 अप्रैल से होगा, हिंदू धर्म में नवरात्रि के 9 दिनों का महत्व बहुत ही खास माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं में माना गया है कि इन 9 दिनों में मां दुर्गा से जुड़ी सभी शक्तियां जागृत हो जाती हैं, इसलिए इन दिनों में मां दुर्गा की संपूर्ण विधि विधान से पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## निर्वाचन कार्मिकों के प्रशिक्षण में पहुंचे कलेक्टर, स्ट्रांग रूम का भी किया निरीक्षण

# कलेक्टर ने जिले में भ्रमण कर निर्वाचन तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 कार्यक्रम अनुसार रायसेन जिले के उदयपुरा विधानसभा में द्वितीय चरण 26 अप्रैल को और सांची, सिलवानी तथा भोजपुर विधानसभा में तृतीय चरण 7 मई को मतदान सम्पन्न होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा जिले में भ्रमण कर लोकसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए की जा रही कार्यवाहियों, गतिविधियों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री दुबे द्वारा बुधवार को गैरतगंज, बेगमगंज तथा सिलवानी का भ्रमण कर यहां पीठासीन और मतदान अधिकारियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का



निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे निर्वाचन कार्मिकों से कहा मतदान प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण रूप से सम्पन्न कराने में मतदान दलो की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए सभी पूरे मनोयोग और लगन से प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्रशिक्षणार्थी निर्वाचन प्रक्रियाओं की बारीकियों को समझें। निर्वाचन संबंधी सभी जिज्ञासाओं का मास्टर ट्रेनर्स से समाधान प्राप्त करें। यदि कोई जानकारी समझ में नही आती है तो निःसकोच प्रश्न पूछकर उसका समाधान प्राप्त करें। कलेक्टर श्री दुबे ने निर्वाचन कार्मिकों से कहा कि वे सम्पूर्ण प्रशिक्षण प्रक्रिया को गंभीरता से लें। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक बिन्दु के संबंध में लिखित निर्देश जारी किए गए है जिसका अध्ययन कर शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराया जाना है। सभी को मतदान के पूर्व की तैयारियों से लेकर मतदान दिवस तथा मतदान का समय समाप्त होने के पश्चात एवं मत लेखा तैयार करने की प्रक्रिया का पूर्णतः ज्ञान होना आवश्यक है। मतदान दल में शामिल सभी शासकीय सेवक ईवीएम की कार्यप्रणाली तथा संचालन का समुचित प्रशिक्षण लेने के साथ ही पर्याप्त अभ्यास कर लें। कलेक्टर श्री दुबे द्वारा ईवीएम और पोस्टल बैलेट स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

### प्रशिक्षण में 7217 को निर्वाचन प्रशिक्षण दिया

*प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को उनके कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व, मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व की जाने वाली कार्यवाही, मतदान के पूर्व की तैयारी एवं मॉकपोल, मॉकपोल का क्रम, मॉकपोल के दौरान मशीनों का परिवर्तन, मॉकपोल के पश्चात मशीनों की सीलिंग, वास्तविक मतदान प्रारंभ, मतदान केन्द्र में प्रवेश हेतु अनुमत्त व्यक्ति, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के प्रवेश का विनिमय, मतदान केंद्र और आस पास निर्वाचन विधि का प्रवर्तन, मतदान प्रक्रिया, मतदान के दौरान की विशेष स्थितियां, बैटरी का विस्थापन, मतदान समाप्ति पर कार्यवाही, निर्वाचन अभिलेख तैयार करना एवं पैकिंग, बुकलेट प्रपत्र आदि की जानकारी दी जा रही है। जिले के विकासखण्ड मुख्यालयों पर 01 अप्रैल से 03 अप्रैल तक आयोजित प्रशिक्षण में 7217 निर्वाचन कार्मिकों को निर्वाचन प्रशिक्षण दिया गया।*